हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 25 नवंबर 2025

04 गुना से 1600 किलोमीटर दूर पश्चिम बंगाल से भटके ...



07 शासकीय कार्य कर रहे पटवारी से मारपीट, पुलिस जांच में जुटी





# पुल से लटकी अल्टो कार से 243 लीटर अवैध शराब बरामद

■ उकावद चौकी पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 27 पेटियों में भरी 1350 क्वॉटर देशी शराब जप्त, आरोपी घायल हालत में पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के निरदेशन मे जिले के मधुसूदनगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत उकावद चौकी पुलिस ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब से भरी अल्टो कार जप्त की है। मामला उस समय सामने आया जब चौकी प्रभारी रवि भिलाला अपनी टीम के साथ मोबाइल थाना प्रभारी के साथ गुंजारी पुल के पास गश्त पर थे। वहां एक सफेद रंग की अल्टो कार क्रमांक एमपी 04-2808 पुल से आधी लटकी हुई मिली। कार में एक युवक घायल अवस्था में मौजूद था। सूचना पर पंचान सुनील शिवहरे और जितेन्द्र शिवहरे की मदद से युवक को बाहर निकालकर वाहन को सुरक्षित किया गया।कार की तलाशी लेने पर पिछली सीट और डिग्गी में भारी मात्रा में अवैध देशी शराब भरी पाई गई। घायल युवक ने अपना नाम वीरेन्द्र गुर्जर निवासी बागूची, थाना नरसिंहगढ़ जिला राजगढ़ बताया। कार खोलकर जांच की गई तो कुल 27 पेटियां बरामद हुईं, जिनमें 23 पेटी देसी मसाला और 4 पेटी देसी प्लेन शराब की थीं। प्रत्येक पेटी में 50 क्वार्टर थे, इस प्रकार 1350 क्वार्टर यानी लगभग 243 लीटर शराब मिली। बरामद शराब की कीमत करीब 1.43 लाख रुपये आंकी गई। शराब रखने और परिवहन का कोई लाइसेंस न होने पर पुलिस ने मौके पर ही पंचनामा बनाकर वीडियोग्राफी की और विधिवत जप्त कर सील-वंद किया। आरोपी की अल्टो कार जिसकी कीमत लगभग 4 लाख रुपये बताई गई है, उसे भी जप्त कर थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है। शराब के नशे में प्रतीत हो रहे आरोपी को बीएनएसएस की धारा 35(3) के तहत कार्रवाई की गई।



## समाचार संक्षेप

### नपाध्यक्ष ने किया प्रदेश के उपाध्यक्ष एवं ग्वालियर चंबल संभाग के प्रभारी



**गुना।** सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश के उपाध्यक्ष एवं ग्वालियर चंबल संभाग के प्रभारी डॉ निशांत खरे का प्रथम गुना नगर आगमन पर नगरपालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता एवं वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व पार्षद अरविंद गुप्ता ने श्री राम पट्टिका पहना कर पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार एवं अनेकों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बीएलओ के कार्य निरीक्षण: मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने दिए सुधार के निर्देश



**आरोन।** निर्वाचन आयोग एव जिला कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन में मुख्य नगर परिषद अधिकारी दिनेश कुमार सोनी एवं उपयंत्री नगर परिषद आरोन दीपक धाकड़ सहित ने 24 नवंबर को मतदान केंद्र क्रमांक 197, 198 और 199 के बीएलओ के कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कार्य की स्थिति ठीक नहीं थी, जिसके कारण अधिकारियों ने कार्य को शीघ्र पूर्ण करने और प्रगति बढ़ाने के लिए आदेश दिए।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बीएलओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने कहा कि सभी बीएलओ कार्यों को गति दे। निरीक्षण के दौरान दिए गए निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों ने कर्मचारियों को निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवउपयंत्री नगर परिषद आरोन- अन्य संबंधित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे जानकारी देते हुए सीएमओ दिनेश कुमार सोनी ने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देश अनुसार एसआईआर का कार्य चल रहा है आज हमारे द्वारा जहा जहा कार्य के धीमी गति चल रही हैं वहां निरीक्षण किया गया है और संबंधित बीएलओ को समय सीमा में कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।

### गुना–अशोकनगर–ईसागढ़ मार्ग पर प्रस्तावित आरओबी (ROB) के निर्माण कार्य के संबंध में बैठक आयोजित

**गुना।** अपर कलेक्टर अखिलेश जैन की अध्यक्षता में गुना–अशोकनगर–ईसागढ़ मार्ग पर प्रस्तावित आरओबी (ROB) के निर्माण कार्य को लेकर संबंधित विभागों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में यह बताया गया कि प्रस्तावित आरओबी का कार्यक्षेत्र होमगार्ड विभाग तथा मौसम विभाग की भूमि से होकर गुजर रहा है। निर्माण कार्य आगे बढ़ाने के लिए दोनों विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) प्राप्त करना आवश्यक है, ताकि उनकी भूमि पर आरओबी का निर्माण सुचारू रूप से किया जा सके। बैठक में जानकारी देते हुए अवगत कराया गया होमगार्ड विभाग के गेट के समीप एक बॉक्स कल्वर्ट प्रस्तावित है। इसके साथ ही, आरओबी के दोनों ओर सर्विस रोड भी प्रस्तावित है, जिससे संबंधित विभागों को आने-जाने में भविष्य में किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होगी। इस संदर्भ में बैठक के दौरान विस्तृत चर्चा की गई। एडीएम (ADM) ने संबंधित विभागों को आवश्यक NOC प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए, ताकि निर्माण कार्य में कोई बाधा न आए।

### फरार आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया



**भौंती।** पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में थाना भौंती पुलिस द्वारा इनामी फरार आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई। दिनांक 04.06.25 को फरियादी अनिल परिहार निवासी ग्राम कुरथरा थाना बडोनी जिला दतिया ने आरोपी शिवानी परिहार, संजीव उर्फ साजन परि दर्शनी परिहार, राहुल पाल, सुमन पाल, छोटू पाल के विरूद्ध ब्लैकमेल कर 2000 रुपये ऐंठने की रिपोर्ट की थी। फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया था। आरोपी छोटू लोधी, सुमन लोधी, राहुल पाल एवं प्रियदर्शनी परिहार को गिरफ्तार किया जा चुका है। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किये गये लेकिन आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से पुलिस अधीक्षक ने आरोपियों की गिरफ्तारी पर 5000-5000 रुपए इनाम घोषित की गई। पुलिस अधीक्षक शिवपुरी के निर्देशन में अति. पुलिस अधीक्षक संजीव मुले द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिये गये बाद एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा के नेतृत्व में टीम गठित कर थाना भौंती पुलिस फोर्स द्वारा दिनांक 24 नवंबर 2025 को आरोपी साजन उर्फ संजीव उर्फ चुगली पुत्र रामनिवास परिहार उम्र 22 साल निवासी ग्राम काराखेत मनपुरा थाना भौंती को गिरफ्तार कर न्यायालय पिछोर में पेश किया गया।

## प्रेसवार्ता में बोले विधायक ऋषि अग्रवाल

# मक्का खरीदी के लिए प्रदेश सरकार ने केंद्र को नहीं भेजा प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



मक्का समर्थन मूल्य को लेकर बमोरी क्षेत्र में किसानों की नाराजगी के बीच स्थानीय विधायक ऋषि अग्रवाल ने प्रदेश सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सोमवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि सरकार महज घोषणाओं तक सीमित है, जबकि किसानों को वास्तविक राहत देने में पूरी तरह विफल रही है। विधायक ने बताया कि इस वर्ष बमोरी क्षेत्र में असामान्य रूप से अधिक बारिश हुई, जिसने कृषि चक्र को बुरी तरह प्रभावित किया। खेतों में जलभराव और फसल गिरने से कई किसानों की मक्का उत्पादन आधे से भी कम रह गया।

### अच्छी पैदावार पर नहीं मिला समर्थन मूल्य

सामान्य मौसम में जहां एक हैक्टेयर में अच्छी पैदावार होती है, वहीं इस बार किसानों के हाथ बहुत कम उपज लगी। इसके बावजूद किसानों के मन में उम्मीद थी कि सरकार अपनी घोषणा के अनुसार मक्का को 2400 रुपये प्रति क्विंटल के समर्थन मूल्य पर खरीदेगी।लेकिन जब किसान अपनी मक्का बेचने मंडियों पहुंचे, तो उन्हें मात्र 1000 से 1200 रुपये प्रति क्विंटल का भाव मिला। इससे किसानों में जबरदस्त नाराजगी फैली। इसी स्थिति को देखते हुए विधायक अग्रवाल ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को बीते 14 अक्टूबर को पत्र लिखा था, जिसमें उन्होंने समर्थन मूल्य पर खरीद का आग्रह किया था।

इसका जवाब केंद्रीय मंत्रालय ने 17 नवंबर को भेजा। मंत्रालय द्वारा भेजे गए पत्र का हवाला देते हुए विधायक ने कहा कि केंद्र ने स्पष्ट कर दिया है कि मध्यप्रदेश सरकार ने केएमएस 2025-26 के लिए मक्का की खरीद का कोई प्रस्ताव भेजा ही नहीं। यह तथ्य प्रदेश सरकार की कथनी और करनी के बीच भारी अंतर को उजागर करता है।

### किसानों साथ दोहरा व्यवहार कर रही है

विधायक ने आरोप लगाया कि सरकार किसानों के साथ दोहरा व्यवहार कर रही है—एक ओर मंचों से किसानों की आय दोगुनी करने की बात होती है, वहीं दूसरी ओर आवश्यक प्रस्ताव तक भेजने में लापरवाही बरती जाती है। उन्होंने कहा कि किसानों को 2400 रुपये प्रति क्विंटल का लाभ तभी मिल सकता है, जब राज्य सरकार केंद्र को प्रस्ताव भेजे, लेकिन ऐसा न करने से स्पष्ट है कि सरकार किसानों को गुमराह कर रही है।

उन्होंने मांग की कि सरकार तुरंत प्रस्ताव भेजकर समर्थन मूल्य पर खरीद सुनिश्चित करे, ताकि बेमौसम बारिश से प्रभावित किसानों को राहत मिल सके।




## उज्ज्वला योजना 3.0 के क्रियान्वयन को लेकर बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्ट्रेट सभागार में अपर कलेक्टर अखिलेश जैन की अध्यक्षता में उज्ज्वला योजना 3.0 के प्रभावी क्रियान्वयन पर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक के प्रारंभ में जिला आपूर्ति अधिकारी अवधेश पाण्डे द्वारा योजना की प्रगति और लक्ष्य के संबंध में पीपीटी की प्रस्तुति दी। प्रस्तुति में बताया गया कि योजना के तहत 25 लाख नए गैस कनेक्शन जारी किए जाने का लक्ष्य निर्धारित है। अपर कलेक्टर अखिलेश जैन द्वारा निर्देशित करते हुए कहा उज्ज्वला योजना 3.0 का लाभ विशेष रूप से अनुसूचित जनजाति (ST) वर्ग की पात्र महिलाओं को उपलब्ध कराया जाए, जिनके परिवार में किसी अन्य सदस्य के नाम पर पहले से गैस कनेक्शन न हो। उन्होंने यह भी बताया कि अब तक ST समुदाय के जिन परिवारों को कनेक्शन दिए जा चुके हैं, उनकी प्रगति की समीक्षा की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि 100 प्रतिशत पात्र परिवारों को योजना का लाभ मिल सके। अधिकारियों को लक्ष्य को समयावधि में पूरी तरह हासिल करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान बैठक में जिला आपूर्ति अधिकारी सहित खाद्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## बीएलओ रूपसिंह बंजारा व अमोल सिंह ने एसआईआर में किया शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना




विधानसभा क्षेत्र 031 राघौगढ़ के अंतर्गत तहसील आरोन के मतदान केंद्र क्रमांक 182 गणेशपुरा तमेडी के बीएलओ रूपसिंह बंजारा द्वारा SIR में 100% फॉर्म बीएलओ एप पर सबमिट कर कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण किया गया। कलेक्टर/जिला निर्वाचन अधिकारी किशोर कुमार कन्याल एवं अपर कलेक्टर/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अखिलेश जैन के कुशल मार्गदर्शन एवं एसडीएम/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी राघौगढ़ अमित सोनी के कुशल नेतृत्व में बीएलओ रूपसिंह बंजारा एवं उनकी सहयोगी टीम में पटवारी योगेश आलपुरिया, सचिव/सहायक सचिव हरि प्रसाद भार्गव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता चंदा यादव एवं ग्राम कोटवार श बनवारी प्रजापति द्वारा SIR में मतदान केंद्र क्र. 182 के कुल 478 मतदाताओं का 100% गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन पूर्ण करने पर तहसीलदार आरोन/ सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी राघौगढ़ धीरेंद्र गुप्ता द्वारा BLO एवं उनके सहयोगी दल को माला पहनाकर बधाई दी गई एवं उनके कार्य की सराहना की।

इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र 031 राघौगढ़ के अंतर्गत तहसील राघौगढ़ के मतदान केंद्र क्रमांक 15 प्लाट भदौड़ी के बीएलओ अमोल सिंह यादव द्वारा SIR में 100% फॉर्म बीएलओ एप पर सबमिट कर कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण किया गया। बीएलओ अमोल सिंह यादव एवं उनकी सहयोगी टीम में पटवारी विनोद मीणा, सचिव/सहायक सचिव निरपथ सिंह चौहान, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता राजकुमारी कुशवाह एवं ग्राम कोटवार शिव चरण द्वारा SIR में मतदान केंद्र क्र. 15 के कुल 646 मतदाताओं का 100% गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन पूर्ण करने पर नायब तहसीलदार रेणु कांसलीवल द्वारा BLO एवं उनके सहयोगी दल को पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दी गई ।

## 13 वर्षीय बच्ची का शासकीय योजना से हुआ सफल उपचार

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

रायपुर कलां के प्राथमिक विद्यालय में स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान RBSK टीम ने एक 13 वर्षीय बच्ची में गंभीर हृदय रोग का पता लगाकर उसकी जान बचाई। विद्यालय में पढ़ने वाली स्वार्थी अहिरवार की जांच के दौरान RBSK डॉ. लोकेंद्र कुशवाह ने दिल की धड़कन में अनियमितता देखी और तुरंत हार्ट डिफेक्ट की आशंका जताई। बाद की जांच में स्वार्थी के दिल में तीन छेद पाए गए।स्थिति को गंभीर मानते हुए बच्ची को जिला अस्पताल गुना के DEIC (शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र) भेजा गया। यहाँ CHMO सर डॉ राजकुमार ऋषिश्वर एवं DEIC प्रभारी विनीता सोनी के निर्देश में आगे के कार्य को शीघ्र बढ़ाया तथा CBMO आरोन डॉ. K. N. भिलवाड़े के निर्देश पर उपचार की प्रक्रिया तेज की गई।बच्ची के पिता मानसिक बीमारी से जूझ रहे हैं, ऐसे में RBSK टीम ने अन्य परिजनों से संपर्क कर बीमारी की गंभीरता समझाई और ऑपरेशन हेतु सहमति ली। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के बावजूद बच्ची का संपूर्ण उपचार सरकारी योजना के अंतर्गत निशुल्क किया गया।अधिकारियों के निर्देश और RBSK टीम की तत्परता से स्वार्थी का ऑपरेशन सफल रहा और अब उसकी हालत स्थिर है। यह मामला स्कूल स्वास्थ्य परीक्षण की उपयोगिता का महत्वपूर्ण उदाहरण माना जा रहा है।

## जिले में है उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता यूरिया के लिए चिंतित न हो किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास संजीव शर्मा द्वारा जिले के किसान भाईयो को सूचित किया गय है कि वर्तमान में जिले में पर्याप्त खाद उपलब्ध है। जिसे प्राथमिक सहकारी समितियों, प्राइवेट डीलर, एमपी एग्रो एवं डबल लॉक के माध्यम से वितरित कराया जा रहा है। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर के मार्गदर्शन में गुना जिले की पैक्स सहकारी समितियों को भी यूरिया खाद वितरण हेतु उपलब्ध कराया गया है। जिसमें क्रमश तहसील बमोरी की समिति, रामपुरकालोनी, बमोरी मगरोडा, फतेहगढ, चीमरामपुर, हमीरपुर पाठी, परवाह, गडलाउजारी में 25-25 में टन, डबल लॉक केन्द्र गुना द्वारा आर०ओ० पर सहकारी समिति चकदेवपुर, तरावटा, नानाखेडी, पगारा, करोद, डोलबाज, छीपोन, बरखेडागिर्द एवं मावन समिति को 27-27 में टन तहसील मधुसूदनगढ़ में रैंक पाइंट ब्यावरा द्वारा सहकारी समिति बारोद को 31.5 में टन, बरसत को 15.75 में टन, मोतीपुरडोंगर को 27 में टन, जामनेर को 28 में टन, मक्सूदनगड को 27 में टन, नसीरपुर 25 में टन, एवं डबल लॉक केन्द्र बीनागंज को 86.40 में टन, डबल लॉक केन्द्र मधुसूदनगड को 112.50 में टन यूरिया खाद कृषकों को वितरण करायें जाने हेतु उपलब्ध करा दिया गया है।डबल लॉक केन्द्र बाघेरी बमोरी में काउंटरों की संख्या बढाक़र 3 कर दी गई है। सभी डबल लॉक केन्द्रों को शनिवार को भी खोला जावेगा।

एनएफएल प्लांट द्वारा प्रतिदिन 30 से 35 गाडी यूरिया सडक मार्ग द्वारा सहकारी क्षेत्र में प्रदाय की जा रही है एवं आगामी समय में 1 रैक यूरिया खाद मिलने की संभावना है। जिले में दिनांक को सहकारी एवं निजी क्षेत्र में उर्वरकों का स्टाक इस प्रकार है यूरिया 1231 में टन डीएपी 2411 में टन, एमएसपी 7660 में टन, एनपीके 4056 में टन, एमओपी 128 में टन खाद, वितरण केन्द्रों पर उपलब्ध है। किसान भाई डबल लॉक केन्द्र वितरण केन्द्रों पर एक साथ न आते हुये संबधित सहकारी समिति/ निजी डीलर्स के माध्यम से भी यूरिया खाद क्रय कर सकते हैं।

## फोटो शूट भी स्पेशल शहर में हुई एक प्रेरणा दायक शादी जो मिसाल कायम कर गई

# शादी में मेहमानों को दिए जागरुकता संदेश, नेत्रहीनों और वृद्धजनों के बीच कराया प्री-वेंडिग शूट

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना




शादी में मेहमानों को दिए जागरुकता संदेश, गुना,विवाह स्थल को सिर्फ सजावट से नहीं, बल्कि सामाजिक संदेशों से सजाया गया था। वहां लगे पोस्टरों पर लिखा था, कितनी भी कम हो दूरी, हेलमेट लगाना है जरूरी, जल अनमोल है, व्यर्थ न बहाएं और रक्तदान, सबसे बड़ा दान, जीवन बचाने का पावन काम।

इन पोस्टरों ने मेहमानों को सड़क सुरक्षा, जल संरक्षण और जीवदान के लिए प्रेरित किया। शहर में रविवार को एक प्रेरणा दायक शादी में शामिल होने का मौका मिला, जो मिसाल कायम कर गई। जब अधिकांश कपल प्री-वेडिंग शूट के लिए किले, महल या रिसॉर्ट चुनते हैं, तब गुना के एक नवदंपती ने दृष्टिबाधित बच्चों के स्कूल को चुना। मयंक पांडे और राशि शर्मा ने कुछ ऐसा किया जो पूरे शहर में चर्चा का विषय बन गया। जोड़े ने अपना प्री-वेडिंग फोटोशूट दृष्टिबाधित बच्चों के स्कूल, नेत्र चिकित्सालय और पुस्तकालय में कराई। इसके साथ ही शादी के समय मेहमानों को जागरुक करने का भी काम किया।

साथ ही दोनों ने नेत्रदान का संकल्प भी लिया।जिला पंचायत में पदस्थ मयंक पांडे और आर्टिस्ट राशि शर्मा रविवार रात एक निजी गार्डन में परिणय सूत्र में बंधे। दूल्हा मयंक सफेद शेरवानी में सजकर बग्गी पर सवार होकर बारात लेकर पहुंचे। विवाह स्थल पर उनके इस अनोखे प्री-वेडिंग शूट की तस्वीरें और वीडियो बड़ी स्क्रीन पर दिखाए गए, जिन्हें देखकर हर मेहमान भावुक नजर आया।

### ताकि समाज में जाए सकारात्मक संदेश

दुल्हे मयंक ने बताया कि उन्होंने सोचा कि प्री-वेडिंग शूट तो सभी कराते हैं, लेकिन हम इसे एक सोशल मैसेज का माध्यम बनाएं। शादी में ढाई हजार से ज्यादा मेहमान आए थे।

हमारा उद्देश्य था कि हमारे इस प्रयास से कोई एक व्यक्ति भी नेत्रदान, रक्तदान या किसी सामाजिक कार्य के लिए प्रेरित हो जाए, तो हमारा मकसद पूरा हो जाएगा।तीन जगहों पर कराया फोटोशूटसाई दृष्टि स्कूल : दृष्टिवाधित बच्चों के इस स्कूल में कपल ने बच्चों के साथ काफी देर समय बिताया। बच्चों से बातचीत की, उन्हें उपहार दिए और उनके साथ फोटो खिंचवाई।

### लायंस आई हॉस्पिटल

यहां आंखों के मरीजों से मिले, फल बांटे और दोनों ने नेत्रदान का फॉर्म भरकर जमा किया।


**भगत सिंह पुस्तकालय:** सबसे पहले शहीद भगत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण किया। फिर लाइब्रेरी में पढ़ने आए बच्चों से उनकी पढ़ाई और शौक के बारे में बात की।

समाचार संक्षेप

## जिले में प्रस्तावित पार्वती–कालीसिंध–चंबल लिंक परियोजना के अंतर्गत बनने वाले बांध से कई हजार हेक्टेयर सिंचित भूमि व दर्जनों गांव डूब जाएंगे

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने जताई चिंता, मुख्यमंत्री मोहन यादव को लिखा पत्र

**राघौगढ़।** राज्यसभा सांसद एवं मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने पार्वती–कालीसिंध–चंबल लिंक परियोजना के अंतर्गत चांचौड़ा/कुंभराज क्षेत्र में घाटाखेड़ी के पास प्रस्तावित बड़े बांध को लेकर गंभीर तकनीकी, पर्यावरणीय और मानवीय सवाल उठाए हैं। इस संदर्भ में उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को विस्तृत पत्र लिखकर परियोजना के संभावित प्रभावों पर तत्काल ध्यान देने का आग्रह किया है।दिग्विजय सिंह ने बताया कि मध्यप्रदेश और राजस्थान सरकार के बीच दिसंबर 2024 में हुए जल-बँटवारे के समझौते के बाद दो बांध—कुंभराज (I) और कुंभराज (II)—का निर्माण प्रस्तावित है। परंतु विभागीय गतिविधियों से संकेत मिल रहा है कि इन दो बांधों की जगह एक ही विशाल बांध घाटाखेड़ी (जिला गुना) के पास बनाया जा सकता है। यदि ऐसा होता है तो लगभग 10,000 हेक्टेयर उच्च गुणवत्ता वाली सिंचित कृषि भूमि, अनेक समृद्ध व आबाद गाँव तथा बस्तियाँ डूब क्षेत्र में आ जाएंगे।उन्होंने कहा कि कृषि भूमि पहले ही औद्योगीकरण, शहरीकरण और आधुनिक विकास के कारण लगातार घट रही है। ऐसे में हजारों किसानों की उपजाऊ भूमि डुबोना उन्हें आत्महत्या की ओर धकेलने जैसा होगा।मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं।



उन्होंने पहला सुझाव दिया कि जलग्रहण क्षेत्र में छोटी नदियों/नालों पर छोटे वॉटर-रिटेनिंग स्ट्रक्चर, पिक-अप वियर्स का निर्माण किया जाए जिससे भूजल रिचार्ज बढ़े व एक्यूफर का रिसाव मुख्य नदी प्रवाह को बढ़ाए। और बिना किसी गाँव को डुबोए लगभग 7000 हेक्टेयर अतिरिक्त क्षेत्र सिंचित हो सके।पूर्व सीएम ने कहा कि बड़े बांध के स्थान पर पिक-अप वियर्स का निर्माण किया जाए।

उन्होंने बताया कि परियोजना में सिंचाई नहरों के बजाय लिफ्ट इरिगेशन (प्रेशराइज्ड पाइप) का उपयोग तय है। इस स्थिति में बड़े बांध का औचित्य संदिग्ध है। पिक-अप वियर्स से डूब क्षेत्र अत्यंत कम रहेगा, कृषि भूमि सुरक्षित रहेगी एवं सिंचाई क्षमता बराबर बनी रहेगी।दिग्विजय सिंह ने पार्वती नदी में मिलने वाली सहायक नदियों पर भी संरचनाएँ बनाने का सुझाव दिया ताकि विकेंद्रीकृत जल संरचनाओं के माध्यम से अधिकतम क्षेत्र को लाभ मिल सके। उन्होंने DPR और पर्यावरण स्वीकृति को नजरअंदाज करने पर गंभीर आपत्ति जताई।

उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में जल संसाधन विभाग द्वारा केन्द्रीय जल आयोग (CWC), पर्यावरण मंत्रालय (MoEF) से DPR व पर्यावरण स्वीकृति लिए बिना परियोजनाएँ शुरू करने की "अनुचित परंपरा" बन गई है। यह नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। इसलिए उन्होंने आग्रह किया कि प्रारंभिक प्रतिवेदन (PFR), विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (DPR) एवं पर्यावरण स्वीकृति (EC) प्राप्त किए बिना परियोजना का क्रियान्वयन शुरू न किया जाए। पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने मुख्यमंत्री से अनुरोध करते हुए कहा कि राज्यहित, किसानहित और पर्यावरणीय संतुलन को ध्यान में रखते हुए परियोजना के वर्तमान स्वरूप की पुनः समीक्षा की जाए ताकि किसानों की आजीविका सुरक्षित रहे, विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बना रहे एवं परियोजना तकनीकी रूप से टिकाऊ और मानवीय रूप से न्यायसंगत बन सके।

### जिले में ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस की सकारात्मक पहल

# जामनेर थाना पुलिस ने गुमशुदा दो बालिकाओं को खोजकर लौटाईं घरों की खुशियां




हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार प्रदेशभर में 01 नवंबर से 30 नवंबर 2025 तक "विशेष ऑपरेशन मुस्कान" अभियान संचालित किया जा रहा है । इसके अंतर्गत अपहृत अथवा गुमशुदा नाबालिग बालक-बालिकाओं की सुरक्षित दस्तयाबी हेतु गुना पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी द्वारा जिले के सभी थाना प्रभारियों को नाबालिग बालक-बालिकाओं के अपहरण अथवा गुमशुदगी के मामलों में सतर्कता, तत्परता एवं प्रभावी कार्यवाही के निरंतर निर्देश प्रदान किये जा रहे है । जिसके तहत गुना पुलिस द्वारा जिले में नाबालिगों के अपहरण एवं गुमशुदगी के मामलों को गंभीरता से लेकर जिनकी तलाश में सतत और प्रभावी कार्यवाहियां की जा रहीं है । गुना पुलिस जिले के प्रत्येक अपहृत एवं गुमशुदा नाबालिग की शत-प्रतिशत दस्तयाबी सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है ।इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुना श्री मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन तथा डीएसपी मुख्यालय और प्रभारी एसडीओपी जमीलउद्दीन सिद्दिकी के पर्यवेक्षण में जिले के जामनेर थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेश सिंह कुशवाह और उनकी टीम द्वारा थाना क्षेत्र से गुम हुई नाबालिग बालक/बालिकाओं की दस्तयाबी में सक्रियता से कार्यवाहियां करते हुए थाना क्षेत्र से लापता दो नाबालिगों को सुरक्षित दस्तयाब करने में उल्लेखनीय सफलता हासिल की गई है । गौरतलब है कि दिनांक 13 मई 2024 को एक महिला द्वारा अपनी 17 वर्षीय नाबालिग बेटी के दिनांक 02 मई 2024 से लापता होने की जामनेर थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी । जिस पर से पुलिस ने अपराध क्रमांक 144/24 धारा 363 भादवि के तहत प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया था । इसी प्रकार दिनांक 02 सितंबर 2025 को जामनेर थाना क्षेत्र से ही 15 वर्षीय एक नाबालिग बालिका के और लापता होने पर, उसके परिजन की रिपोर्ट पर जामनेर थाने में अपराध कायम कर अपहृत बालिका की तलाश शुरू की गई थी । नाबालिग बालक/बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु चलाये जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के दौरान अपहृत नाबालिगों की अधिक से अधिक दस्तयाबी के लिए पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी द्वारा दिए जा रहे निर्देशों के तहत जामनेर थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र से अपहृत नाबालिगों की दस्तयाबी के प्रयास तेज किए गए हैं और इस हेतु अपना मुखबिर जाल बिछाकर विभिन्न तकनीकी संसाधनों की मदद लेकर बालिकाओं के संबंध में जानकारी संकलित करने के सघन प्रयास किये जा रहे हैं।

नाबालिगों की खोज में पुलिस के अथक प्रयासों के परिणाम स्वरूप बीते रोज गुमशुदा दोंनो ही बालिकाओं के संबंध में पुलिस को मुखिबर से जानकारियां मिलने पर, जामनेर थाना पुलिस द्वारा तत्पर और प्रभावी कार्यवाहियां कर दोंनो ही प्रकरणों में अपहृत नाबालिगों को सुरक्षित दस्तयाब कर लिया गया एवं विधिवत कार्यवाही उपरांत उन्हें बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया, जहां से समिति की अध्यक्षा नीरू शर्मा व समिति सदस्यों द्वारा कार्यवाही करते हुए उन्हें उनके अपने-अपने परिजनों के सुपुर्द कर दिया है ।

## एनसीसी इकाईयों ने पीजी कॉलेज गुना में मनाया एनसीसी-डे हर्षोल्लास व अनुशासित ढ़ग से




हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

गुना में समस्त एनसीसी इकाइयों ने संयुक्त रूप से डी जी एन सी सी लेफ्टिनेंट जनरल वीरेंद्र बत्स एवं 35 एमपी बटालियन शिवपुरी के कमान अधिकारी कर्नल विजयवीर सिंह दहिया के आदेश अनुसार पीजी कॉलेज गुना में एनसीसी डे बड़े ही हर्षोल्लास एवं अनुशासित ढंग से मनाया गया । जिसमें पीजी कॉलेज गुना के एनसीसी कैडेट शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 के कैडेट , शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 और शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कैंट गुना के 395 कैडेट ने सहभागिता की यह कार्यक्रम में एएनओ लालकृष्ण शर्मा, ए एन ओ संजय झा साहबे एवं सीटीओ सुरेंद्र प्रजापति के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना के साथ एवं फ्लैग होस्टिंग,साइकल रैली एवं पैदल संदेश मार्च के साथ हुई साथ में ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें छात्र छात्राओं ने अपनी ड्राइंग के माध्यम से संदेश दिया एवं तट पश्चात कैडेट द्वारा देशभक्ति गानों पर नृत्य प्रस्तुति दी गई और गायन का भी आयोजन किया गया। गुना के तीन एनसीसी कैडेट जो अग्नि वीर आर्मी में भर्ती हुए हैं आंसू ओझा राजकुमार चंदेल और आदर्श ग्वाल का सम्मान किया गया। इसके बाद एनसीसी सॉन्ग एवं स्वल्पाहार विमर्श के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## चंदेल चिडार क्षत्रिय समाज की बैठक में जयंती मनाने पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

चंदेल चिडार क्षत्रिय समाज की बैठक नारायण लाल मैयर की अध्यक्षता में बजरंगगढ़ रोड़ स्थित महर्षि आश्रम के सामने हनुमान मंदिर पर संपन्न हुई। बैठक में मां नर्मदा जयंती जो दिनांक 25/01/26 है को मनाने पर विचार विमर्श किया गया। समाज बंधुओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस बार सर्दी के मौसम को देखते हुए जनवरी माह में सर्दी अधिक रहने की संभावना है इसलिए जयंती का कार्यक्रम सूक्ष्म रूप में मनाने की बात कही। आगामी बैठक में इस पर निर्णय लिया गया। कुछ बंधुओं ने समाज की धर्मशाला बनाने हेतु जमीन खरीदने की बात कही। इस पर भी निर्णय अगली बैठक में लिया जायेगा और समाज के बंधुओं से सामर्थ्य अनुसार धन संग्रह की बात कही इस हेतु धन संग्रह के लिए समिति बनाकर धन संग्रह किया जायेगा।



## गुना से 1600 किलोमीटर दूर पश्चिम बंगाल से भटके युवक को समाजसेवी ने सकुशल परिजनों तक पहुंचाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



मानवता की मिसाल बने समाजसेवी प्रमोद भार्गव ने एक बार फिर सराहनीय कार्य करते हुए गुना में मिले एक 20 वर्षीय भटके युवक को उसके घर पश्चिम बंगाल तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। युवक की पहचान कर उसे परिवार से मिलवाने में उन्होंने करीब 1600 किलोमीटर दूर घर खोजा प्रमोद भार्गव को कुछ दिन पूर्व एक युवक के भटककर गुना पहुँचने की सूचना मिली।

युवक को गुना लाकर पूछताछ की गई तो उसने अपना जिला अलीपुरद्वार (पश्चिम बंगाल)बताया। प्रमोद भार्गव ने तुरंत ही वहाँ संपर्क किया और खोजबीन में ज्ञात हुआ कि अलीपुरद्वार जिले के वीरपारा थाना क्षेत्र से छह माह पहले एक युवक की गुमशुदगी दर्ज है। इसके बाद थाने के माध्यम से परिजनों से वीडियो कॉल पर बात कराई गई, जहाँ उसकी माँ ने उसे तुरंत पहचान लिया।माँ ने बताया कि उसका बेटा जय सादा, उम्र 20 वर्ष छह माह पहले घर से भटक गया था और ढूँढने पर भी नहीं मिला। पिता न होने के कारण परिवार पहले ही परेशान था और माँ लगातार उसकी तलाश कर रही थी।गुना और अलीपुरद्वार के बीच लंबी दूरी होने तथा आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण माँ गुना नहीं आ सकी। ऐसे में युवक को अस्थाई तौर लार अपना घर आश्रम, शिवपुरी में भर्ती कराया गया। निरंतर बातचीत के बाद परिवार के सदस्य गुना पहुँचे, आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी की और युवक को अपने साथ ले गए। पूछताछ में युवक ने बताया कि वह भटकने के बाद कई ट्रक चालकों के साथ रहा तथा बाद में होटलों में सफाई कर भोजन जुटाता रहा। कही आसाम कही महाराष्ट्र तो कही मध्य प्रदेश लंबे समय तक भटकने के कारण वो घर जाने की सोच ही नहीं पा रहा था समाजसेवी प्रमोद भार्गव लगातार भूले-भटके, निराश्रित एवं जरूरतमंद लोगों की मदद कर रहे हैं और कई लोगों को उनके परिवारों तक पहुँचा चुके हैं। उनका यह मानवीय प्रयास समाज में संवेदनशीलता और सेवा भाव का उदाहरण प्रस्तुत करता है।

## मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत आवेदनों का हुआ रेंडमाइजेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



मध्यप्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना संचालित की जा रही है। शासन द्वारा कामाख्या तीर्थ दर्शन यात्रा हेतु अशोकनगर को 250 तीर्थ यात्रियों का वर्थ कोटा निर्धारित किया गया हैं। निर्धारित कोटा से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी कार्यालय कलेक्ट्रेट में आवेदनों की सूची का रेण्डमाईजेशन किया गया। कामाख्या तीर्थ दर्शन हेतु विशेष ट्रेन 3 दिसंबर को रवाना होगी तथा 08 दिसम्बर को वापिस आयेगी। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर आर.बी.सिण्डोस्कर, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी राहुल वर्मा, सतेन्द्र कलावत, विधायक प्रतिनिधि बली सिंह उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय रोजगार व स्वरोजगार मेला का आयोजन 28 नवम्बर को

**अशोकनगर।** सूक्ष्म,लघु व मध्यम एवं कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के निर्देशानुसार कलेक्टर आदित्य सिंह के मार्गदर्शन के अनुसार प्रत्येक माह रोजगार एवं स्वरोजगार मेला का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में उच्च शिक्षा विभाग/राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, सूक्ष्म,लघु व मध्यम, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के समन्वय से आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश अन्तर्गत जिला स्तर पर 28 नवम्बर को जिला व्यापार एवं उद्योग केंन्द्र अशोकनगर में प्रातः11 बजे से युवा संगम अंतर्गत जिला स्तरीय रोजगार एवं स्वरोजगार मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें प्रदेश की विभिन्न कंपनियों द्वारा मेला स्थल पर साक्षात्कार के माध्यम से निजी क्षेत्र में रोजगार एवं संबंधित विभाग द्वारा अलग अलग स्वरोजगार योजनाओ के बारे मे मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जायेगा। साथ ही ऐसे विभाग जिनमे स्वरोजगार एवं हितग्राही मूलक योजना संचालित होती है।

## बीएलओ सुपरवाईजर अनिल खंतवाल की दो वेतनवृद्धि रोके जाने के आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह द्वारा निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 कार्य में डिजिटाईजेशन का कार्य अत्यंत धीमा होने, निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में रूचि न लेंने तथा कार्य के प्रति उदासीनता बरतने पर विधानसभा क्षेत्र 032 अशोकनगर में बीएलओ सुपरवाईजर अनिल खंतवाल व्याख्याता शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि अशोकनगर की आगामी दो वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोके जाने हेतु आदेश जारी किया गया है।

उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 का कार्यक्रम जारी किया गया है। अनिल खंतवाल, व्याख्याता शासकीय उत्कृष्ट उमावि अशोकनगर को विधानसभा क्षेत्र 032 अशोकनगर में बीएलओ सुपरवाईजर के रूप में नियुक्त किया गया था। विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के गणना पत्रकों के डिजिटाईजेशन की समीक्षा की गई जिसमें आंबटित मतदान केन्द्र क्रमांक 178 टकनेरी में 58.54 प्रतिशत, 185 हिनोतिया पछार में 50.40 प्रतिशत, 183-पीपलखेडा 56.46 प्रतिशत एवं 251-बरोदिया तूमैन 57.48 में डिजिटाईजेशन का कार्य अत्यंत धीमा तथा समाधानकारक नहीं पाया गया एवं इनके द्वारा निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में रूचि न लेंने तथा कार्य के प्रति उदासीनता परिलक्षित हुई है।

**एसआईआर कार्य में प्रगति न लाने पर बीएलओ की एक वेतनवृद्धि रोके जाने संबंधी आदेश जारी** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह द्वारा निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 कार्य में प्रगति न लाने एवं कारण बताओं नोटिस का जबाव समाधानकारक न होने पर विधानसभा क्षेत्र 033 चंदेरी के मतदान केंद्र क्रमांक 233 कनावटा के बीएलओ कमलेश सिरोठिया प्राथमिक शिक्षक शा.प्रा.वि. बराना की एक वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोके जाने हेतु आदेश जारी किया गया है।

उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचक नामावली विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 का कार्यक्रम जारी किया गया है। कमलेश सिरोठिया प्राथमिक शिक्षक शा.प्रा.वि. बराना को मतदान केंद्र क्रमांक 233 कनावटा के लिए बीएलओ नियुक्त किया गया है। मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 कार्य हेतु भ्रमण के दौरान कार्य में प्रगति के निर्देश दिये गये थे। बीएलओ सुपरवाईजर द्वारा बार-बार निर्देश दिए जाने के बाद भी सिरोठिया द्वारा एस. आई. आर. कार्य में अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखाई गई। इस संबंध में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 033 चंदेरी द्वारा कारण बताओ नोटिस प्रेषित किया गया। संबंधित द्वारा अपना उत्तर प्रस्तुत किया गया जो समाधानकारक न होने से एक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोके जाने संबंधी आदेश जारी किया गया है।



### स्कूली छात्र-छात्राओं को दिया मिट्टी नमूना एकत्रीकरण से संबंधित प्रशिक्षण

**अशोकनगर।** पीएमश्री शासकीय हायर सेकेण्डरी कन्या स्कूल मुंगावली एवं पीएमश्री शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल अथाईखेड़ा में मिट्टी नमूना एकत्रीकरण तथा परीक्षण से संबंधित प्रशिक्षण स्कूली छात्र-छात्राओं को दिया गया। प्रशिक्षण में नोडल अधिकारी मृदा परीक्षण अशोक कुमार कुशवाह, मृदा परीक्षण प्रयोगशाला प्रभारी शैलेन्द्र पुरोहित, स्कूल प्राचार्य एनएस बेस, एईओ आरेश यादव तथा वन्दना अलावे उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने की कार्यों की समीक्षा



**अशोकनगर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह द्वारा सोमवार को गूगल मीट के माध्यम से विधानसभा क्षेत्र 033 चंदेरी अंतर्गत चल रहे निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य (एसआईआर) की समीक्षा की गई।

बैठक में गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन के कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेकर शत प्रतिशत डिजिटाइजेशन किए जाने के निर्देश दिये गए। उन्होंने गणना पत्रकों को बीएलओं एप पर शत प्रतिशत अपलोड किये जाने के निर्देश सभी बीएलओं को दिये। साथ ही इस कार्य की सतत मॉनीटरिंग हेतु सुपरवाईजर को निर्देशित किया। बैठक में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी डी.एन.सिंह, निर्वाचन सुपरवाईजर रज्जाक खान उपस्थित रहे। साथ ही एसडीएम चंदेरी मनीष धनगर, एसडीएम ईसागढ़ त्रिलोचन गौड़, तहसीलदार, बीएलओ एवं सुपरवाईजर गूगलमीट से जुडकर भाग लिया।

### जिला कांग्रेस का बीएलए 2 प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**अशोकनगर।** अशोकनगर विधानसभा क्षेत्र में जिला कांग्रेस कमेटी अशोकनगर द्वारा स्थानीय अधिराज गार्डन में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत बीएलए 2 प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रशिक्षण प्रभारी राजेश बाबू ने बूथ स्तर पर मतदाता सूची के सूक्ष्म सत्यापन, मतदान केंद्रों की वास्तविक स्थिति, नए मतदाताओं के पंजीकरण तथा संगठन को बूथ स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं और उपस्थित कांग्रेसजनों से विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेन्द्र कुशवाह, विधायक इंजी. हरिबाबू राय, सभी ब्लॉक अध्यक्षगण, मंडल अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई आदि रहे मौजूद।

## जल संचय अभियान के तहत बरसाती में किया बोरी बंधान




हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

मप्र जन अभियान परिषद विकासखंड अशोकनगर कि चयनित नवांकुर संस्था उन्नति जन कल्याण सेवा समिति एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति लखेरी बसारती के संयुक्त तत्वधान में जल संचय अभियान अंतर्गत बोरी बंधान का कार्य जन सहयोग के माध्यम से ग्राम बरसाती में किया गया। जिसमें जल का रुकाव हुआ। जिससे आसपास की भूमि की सिंचाई के लिए पानी उपयोगी हुआ। जिसमें उपस्थित विकासखंड समन्वयक मनोज यादव ने जल संरक्षण की जानकारी दी। बोरी बंधान में मौजूद नवांकुर संस्था उन्नति जन कल्याण सेवा समिति से सुनील कुमार सेन ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति लखेरी बसारती से अध्यक्ष मलखान सिंह यादव, सचिव अरविंद यादव एवं बोरी बंधान में विशेष योगदान करने वाले राजेन्द्र सिंह यादव सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## विवाह उत्सव पूर्व श्रीराम को चढ़ाई हल्दी, महिलाओं ने गाए मंगलगीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

*पीले रंग की पोशाकों में शामिल हुईं महिलाएं*

अखिल भारतीय अखंड रघुवंशी क्षत्रिय महिला परिषद द्वारा इस बार विवाह पंचमी बड़ी धूमधाम से मनाई जा रही है। विवाह पंचमी के एक दिन पूर्व हल्दी मेंहदी की रस्म का आयोजन किया गया।

इस मौके पर श्रीराम मंदिर रघुवंशी धर्मशाला में भगवान श्री राम और माता सीता को विधिविधान के साथ हल्दी चढ़ाई गई। इस दौरान महिलाओं ने पारंपरिक मंगल गीत भी गाए। हल्दी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए परिषद की महिलाएं पीले रंग की पोशाकें पहन कर पहुंचीं। गौरतलब है कि इस बार विवाह पंचमी को अखिल भारतीय अखंड रघुवंशी क्षत्रिय महिला परिषद द्वारा उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। मंगलवार को जहां श्री राम बारात और अन्य कई आयोजन किए जाएंगे वहीं सोमवार को हल्दी मेंहदी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में परिषद की महिलाओं ने हिस्सा लिया।



## भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष, ग्वालियर संभाग प्रभारी डॉ खरे का आगमन आज

**अशोकनगर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष तथा ग्वालियर संभाग के प्रभारी डॉक्टर निशांत खरे का आज 25 नवंबर मंगलवार को गुना से अशोकनगर आगमन प्रातः10 बजे हो रहा है। भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी ने जिले के सभी कार्यकर्ताओं से अपने क्षेत्र में उनका स्वागत करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि खरे का यह संगठनात्मक प्रवास कार्यक्रम है। यहां पर कार्यकर्ताओं से परिचय, भैंट करेंगे। बैठक कार्यक्रम स्थानीय राजश्री होटल में प्रातः 11 बजे से आयोजित किया गया है, जिसमें प्रदेश पदाधिकारी कार्यकारिणी सदस्य जिला पदाधिकारी जिला पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष पूर्व विधायक पूर्व जिला अध्यक्ष जिला पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष मोर्चा जिला अध्यक्ष नगर पालिका परिषद अध्यक्ष जनपद अध्यक्ष जिला पंचायत सदस्य अपेक्षित है।



## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर से दो भैंसों की मौत

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के तहत ग्राम बमनाई हवेली निवासी अभिषेक शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि फरियादी के घर के पास रोड़ पर कार क्रमांक एमपी 67 सी 2870 के चालक ने अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए भैंसों को टक्कर मार दी जिससे 2 भैंसों की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### कार की टक्कर से 6 साल की बालिका की मौत

**अशोकनगर।** जिले के नईसरायं थाने के अंतर्गत सीहोर विजयपुरा रोड पर एक अज्ञात कार ने एक बालिका को टक्कर मार दी जिससे 6 बर्षीय बालिका शलोनी पुत्री राकेश जाटव की मौत हो गई। घटना के बारे में अनिल जाटव निवासी पचबावडी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात कार के चालक ने उसके छोटे भाई की लडकी को टक्कर मार दी थी।

### बाइक की टक्कर से महिला घायल

**अशोकनगर।** जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत ग्राम मर्दनखेडी निवासी श्रीराम यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बाईक क्रमांक यूपी94 एके 6657 के चालक ने सामे घाट की पुलिया पर अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए उसकी मां को टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आईं है। पुलिस ने बाईक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### बाइक फिसलने से युवक की मौत

**अशोकनगर।** जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत टीटोर की पुलिया के पास किशोर कुशवाह उम्र 38 साल बाईक चला रहा था अचानक बाईक फिसल गई। इस घटना में नीचे गिरने से किशोर कुशवाह की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### फांसी लगाकर युवक ने की खुदकुशी

**अशोकनगर।** जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत ग्राम जारौली धुवयाई निवासी भागीरथ आदिवासी उम्र 42 साल ने दीवान सिंह अहिरवार के मकान के पास नाले से लगे पेड पर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।

### बीएलओ को कारण बताओ नोटिस जारी

**अशोकनगर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह द्वारा विधानसभा क्षेत्र 032 अशोकनगर के मतदान केंद्र क्रमांक 158 रिजोदा के बीएलओ महेन्द्र कुमार श्रीवास्तव शिक्षक एकीकृत शासकीय हाई स्कूल रिजोदा को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के कार्य में विधानसभा क्षेत्र 032 अशोकनगर के मतदान केंद्र क्रमांक 158 रिजोदा के लिए बीएलओ नियुक्त किया गया है भ्रमण के दौरान ईएफ डिजिटलीकृत के कार्य की समीक्षा की गई। आपके द्वारा 1210 मतदाताओं में से सिर्फ 434 फार्म ही बीएलओ एप पर ऑनलाईन किये गये हैं। बीएलओ के सौंपे गये कार्यों एवं दायित्वों का निवर्हन करने में लापरवाही बरतने पर कारण बताओं नोटिस जारी किया।

### 25 व 26 को विद्युत प्रदाय प्रभावित रहेगा

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश विधुत वितरण कंपनी के सहायक प्रबंधक द्वारा सूचना जारी की गई है कि 25 और 26 नबंवर को अशोकनगर उपकेन्द्र से संबंधित फीडर पर केवल क्षमता वृद्धि एवं आरडीएस योजना के अंतर्गत कार्य किया जाना है। जिसके कारण मैन बाजार फीडर से प्रभावित क्षेत्र प्रोशेसन रोड, सुराना चैराहा, गल्र्स स्कूल एवं आस पास के क्षेत्र में विधुत प्रदाय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक प्रभावित रहेगा।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले की कचनार पुलिस ने मसीदपुर निवासी रामू बाल्मीक के पास से 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। शाढौरा पुलिस ने सेजी निवासी परमाल सिंह अहिरवार के पास से 5 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

---

घायल पटवारी को अस्पताल लाते समय वाहन पलटा, दूसरा पटवारी भी घायल

# शासकीय कार्य कर रहे पटवारी से मारपीट, पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिले में इन दिनों एसआईआर के अंतर्गत मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण का कार्य चल रहा है। जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत ग्राम टीला में शासकीय कार्य कर रहे एक पटवारी के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। घायल पटवारी को मुंगावली अस्पताल ले जाया गया। वहां से घायल पटवारी को जिला अस्पताल रैफर किया गया था। मुंगावली के तहसीलदार के वाहन से घायल पटवारी के साथ राजेश कलावत पटवारी को अशोकनगर रवाना किया गया था। लेकिन कोयल घाटी के पास तहसीलदार का वाहन पलट गया। इस घटना में दूसरे पटवारी को भी चोटें आई हैं। दोनो पटवारियों का इलाज जिला अस्पताल अशोकनगर में चल रहा है।

पूरे मामले की कहानी यह है कि ग्राम टीला में पटवारी ईश्वर सिंह जाटव शासकीय कार्य कर रहे थे उसी दौरान उनके साथ बीएलओ प्रकाश सिंह भी मौजूद थे तभी टीला गांव के निवासी भानुप्रताप यादव ने आकर पटवारी के साथ मारपीट की और जब पटवारी ने मारपीट कर रहे युवक को








समझाने का प्रयास किया तो वह मारपीट करता रहा। इस घटना में पटवारी के चेहरे पर चोटे आई हैं। दाहिने कंधे में चोटे आने के बाद उन्हें जिला अस्पताल अशोकनगर भेजा गया था जिस तहसीलदार के वाहन क्रमांक एमपी 67 टी 0604 वाहन से अशोकनगर रवाना किया गया था उनके साथ एक अन्य पटवारी राजेश कलावत को साथ में भेजा गया था। जब यह वाहन अशोकनगर और बंगला चैराहे के बीच कोयल घाटी से गुजर रहा था तभी अचानक वाहन पलट गया। इस घटना में दूसरे पटवारी राजेश कलावत को भी चोटे आई हैं। दोनो पटवारियों को जिला अस्पताल अशोकनगर में भर्ती कराया गया है जहां उनका उपचार जारी है।

इस घटना में तहसीलदार का वाहन क्षतिग्रस्त हो गया है, इस घटना में घायल पटवारी ईश्वर चन्द जाट जो मूल रूप से सबलगढ मुरैना के निवासी हैं और वर्तमान में मुंगावली की पालीवाल कॉलोनी में निवासरत हैं। उनकी रिपोर्ट पर से मारपीट करने वाले आरोपी भानूप्रताप यादव के विरूद्ध कईं धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। जिसमें मारपीट के साथ शासकीय कार्य में बांधा पहुंचाने सहित कईं धाराएं लगाई गई हैं। ज्ञात हो कि जिस पटवारी के साथ मारपीट की गई थी उस पटवारी के उपचार के लिए तहसीलदार के वाहन से 3 पटवारियों को साथ में भेजा गया था जिनमें ड्रायवर के पास में राजेश कलावत पटवारी बैठे थे और उनकी सीट के पीछे 2 पटवारी घायल ईश्वर चन्द पटवारी को पकड़कर इलाज के लिए ला रहे थे। जबकि वाहन चालक के हाथ में मामूली चोटें आई है।

---

# बाइक से गिरी महिला, पीछे से आ रहे ट्रैक्टर ने कुचला, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिला मुख्यालय से 6 किलोमीटर दूर ग्राम भौरा खाती के समीप बाईक से आते समय अचानक बाईक के पीछे बैठी महिला सड़क पर गिर गई। तभी पीछे से तेज गति से आ रहे ट्रेक्टर ने महिला को रोंद दिया। इस घटना में महिला रेखा बाई पत्नी प्रेमनारायण केवट उम्र 45 साल की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बेटा और बहू घायल हो गए। पुलिस ने ट्रेक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। घटना के बार में बताया गया है कि प्रेमनारायण केवट एक तेरवी के कार्यक्रम में शामिल होने बेरखेडी गांव गए थे वहां से वापिस लौटते समय जब उनकी बाईक भौंराखाती गांव के पास से गुजर रही थी उस समय बाईक उनका पुत्र विक्की केवट चला रहा था जबकि बीच में बहु रूकमणी बाई और पीछे महिला रेखा बाई बैठी हुई थी। अचानक संतुलन बिगड़ने से बाईक सड़क पर गिर गई इस घटना में महिला नीचे गिर गई उसी दौरान पीछे से आ रहे ट्रेक्टर का पहिया महिला पर चढ़ गया। इस घटना के बाद रेखाबाई को जिला अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जबकि घटना में घायल बहु रूकमणी बाई को भी गंभीर चोटे आई हैं।

## डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयनित मोना दांगी को कलेक्टर ने किया सम्मान

**अशोकनगर।** अशोकनगर जिले की तहसील बहादुरपुर के ग्राम इकोदिया की डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयनित मोना दांगी को कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा सोमवार को कलेक्ट्रेट में सम्मानित किया गया । इस अवसर पर कलेक्टर ने मोना दांगी को पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं मिठाई खिलाकर हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। उल्लेखनीय है कि एम.पी.पी.एस.सी. परीक्षा 2023 में 12 वाँ स्थान प्राप्त कर डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयन हुआ है। मोना दांगी ने प्राथमिक की पढ़ाई अपने ग्राम में की तथा कक्षा 12वीं में सरकारी स्कूल से जिला टॉप किया। एमपीपीएससी की तैयारी कर वर्ष 2022 में उनका चयन आयकर निरीक्षकके पद पर हुआ था। वर्ष 2025 में डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयनित हुई हैं।



---

मुख्य सरगना आजाद खान का प्रमुख सहयोगी विकास जैन गिरफ्तार

# ऑनलाइन सट्टे के विरुद्ध पुलिस की प्रभावी व निरंतर कार्रवाई जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



जिला अशोकनगर में ऑनलाइन सट्टा गतिविधियों पर अंकुश लगाने एवं इस नेटवर्क को पूर्णतः समाप्त करने हेतु पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा सभी थाना प्रभारियों को विशेष निर्देश जारी किए गए हैं। इन निर्देशों को लेकर आजाद खान के मुख्य सहयोगी विकास जैन को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 05.10.2025 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि शमशाद खान पुत्र महबूब खान, निवासी आजाद मोहल्ला अशोकनगर द्वारा अवैध रूप से ऑनलाइन सट्टा आईडी जनरेट कर शहर के युवाओं को वितरित किया जा रहा है, जिससे युवाओं को ऑनलाइन सट्टा खेलने के लिए प्रलोभित किया जा रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी शमशाद खान को मौके से पकड़ा गया। आरोपी के मोबाइल फोन की तकनीकी जांच करने पर यह तथ्य सामने आया कि शमशाद खान को ऑनलाइन सट्टा आईडी राजीव जैन उर्फ राजू एवं विकास जैन द्वारा उपलब्ध कराई जाती थी, जिसका उपयोग वह विभिन्न युवाओं को सट्टा खेलने हेतु प्रेरित एवं वितरित करने में करता था। आरोपी के बैंक खातों एवं यूपीआई ट्रांजेक्शन की जांच में यह भी पाया गया कि ऑनलाइन सट्टे में प्राप्त होने वाली राशि इरफान उर्फ मासूम के बैंक खाते में ट्रांसफर की जा रही थी। पुलिस ने इस लेन-देन को प्रमाणित करने वाली डिजिटल एवं बैंकिंग साक्ष्य भी एकत्रित किए। आरोपी शमशाद खान एवं राजीव जैन से पूछताछ के दौरान प्राप्त मेमोरेंडम, तकनीकी विश्लेषण, बैंक विवरण एवं अन्य प्रमाणों के आधार पर इस अवैध ऑनलाइन सट्टा गतिविधि के मुख्य संचालकों का खुलासा हुआ। जांच में यह सिद्ध हुआ कि अशोकनगर शहर में संचालित इस ऑनलाइन सट्टा नेटवर्क का मुख्य सरगना आजाद खान पुत्र अलीम खान उर्फ पप्पू टेलर, निवासी आजाद मोहल्ला है, जो लंबे समय से अपने सहयोगियों के माध्यम से शहर में ऑनलाइन सट्टे का नेटवर्क फैला रहा था। इस पर पुलिस द्वारा संबंधित सभी आरोपियों को प्रकरण में विधिवत नामजद कर उनके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई। जांच के दौरान यह भी पुष्टि हुई कि मुख्य सरगना आजाद खान का मुख्य सहयोगी विकास जैन पुत्र महेन्द्र जैन निवासी पुराना बाजार, अशोकनगर है, जो इस पूरे ऑनलाइन सट्टा नेटवर्क में आईडी वितरण, राशि के लेन-देन और तकनीकी सहयोग जैसे प्रमुख कार्यों को संभालता था। आजाद खान का मुख्य सहयोगी विकास जैन द्वारा अग्रिम जमानत हेतु आवेदन दिया गया था जो न्यायालय द्वारा निरस्त किया गया। पुलिस द्वारा लगातार निगरानी एवं साक्ष्य जुटाने के बाद पुलिस टीम ने आज दिनांक 24.11.2025 को आरोपी विकास जैन को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक रवि प्रताप सिंह चैहान, सायबर क्राइम सेल के सउनि संजय गुप्ता, प्रआर पंकज तिवारी, प्रआर नवल शर्मा तथा आर अवनीश दौहरे की भूमिका रही।

### केन्द्रीय मंत्री सिंधिया का भ्रमण 28 नवम्बर को

**अशोकनगर।** केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया 28 नवम्बर 2025 को जिले के एक दिवसीय भ्रमण पर रहेगें। जारी कार्यक्रम के अनुसार केन्द्रीय मंत्री सिंधिया 28 नवम्बर को दोपहर 02 बजे गुना जिले के ग्राम खोकर से प्रस्थान पर अपरान्ह 03.15 बजे ईसागढ़ जिला अशोकनगर के ग्राम कोहरवास आयेगें एवं सिरनाम सिंह यादव के यहां आयोजित शादी समारोह में शामिल होगें।तत्पश्चात अपरान्ह 03.30 बजे कोहरवास से चंदेरी के लिए प्रस्थान करेगें। अपरान्ह 04.30 बजे से सायं 06 बजे तक चंदेरी महोत्सव के शुभारंभ कार्यक्रम में भाग लेगें। सायं 06 बजे से सायं 07 बजे तक हाई टी पर 25 खरीदारों के साथ बैठक (मदर केयर, रेमंड, फैब इंडिया, टाटा टेनेरिया, नियोज़ जींस, पीवीआर सोर्सिंग, ज़विामे, सांडा ऑफ इंडिया, मॉडलिंक लाइफस्टाइल, कॉन्सेप्शन डिजाइन, इटोकरी, मध्य भारत खादी संघ आदि) में शामिल होगे। रात्रि 07 बजे से रात्रि 09 बजे तक चंदेरी एसएचजी एवं वीवर्स, फैब इंडिया, टाटा तानेरिया द्वारा फैशन शो कार्यक्रम में सम्मिलित होगें। तत्पश्चात गुना जिले के लिए प्रस्थान करेगें।

---

किसान ने कलेक्टर से 10 लाख मुआवजा और दोषियों पर कार्रवाई की मांग

# निजी भूमि पर लगे पेड़ों की अवैध कटाई के आरोप





हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जहाँ एक ओर सरकार पर्यावरण संरक्षण और हरित आवरण को बढ़ावा देने के लिए एक पेड़ माँ के नाम जैसी प्रेरणादायी मुहिम चला रही है, वहीं दूसरी ओर अशोकनगर जिले में एक ऐसा मामला सामने आया है जो इन प्रयासों को कटघरे में खड़ा करता है। ग्राम बावड़ीखेड़ा में एक किसान की निजी भूमि पर लगे वर्षों पुराने फलदार और छायादार पेड़ों को विद्युत विभाग और ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों द्वारा कथित रूप से बिना अनुमति काट दिया गया। इस घटना ने क्षेत्र में गंभीर नाराजगी और प्रशासनिक लापरवाही को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस संबंध में पीड़ित किसान मोहर सिंह अहिरवार ने दोपहर के समय कलेक्ट्रेट में कलेक्टर के नाम आवेदन सौंपकर दोषी अधिकारियों और जिम्मेदार व्यक्तियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई करने तथा 10 लाख रुपये मुआवजे की मांग की है।

**पुश्तैनी जमीन पर लगे आम, महुआ और रुसल्ला के पेड़ थे आजीविका का आधार**

आवेदन के अनुसार मोहर सिंह अहिरवार के दादा-परदादा के समय से लगे आम का एक पेड़, महुआ के दो पेड़ और रुसल्ला का एक पेड़ उनकी निजी भूमि सर्वे नंबर 254, रकबा 0.146 हेक्टेयर पर स्थित थे। ये पेड़ न केवल फलदार और उत्पादक थे बल्कि किसान की आजीविका का महत्वपूर्ण साधन भी थे।पीड़ित का कहना है कि इन पेड़ों से प्रत्येक वर्ष आय होती थी, जिससे उनके परिवार का पालन-पोषण, बच्चों की शिक्षा और घरेलू आवश्यकताओं का निर्वाह होता था। लेकिन अब वे हमेशा के लिए इस आय और सहारे से वंचित हो गए हैं।

**बिना अनुमति काटे गए पेड़ नियमों का उल्लंघनः** किसान द्वारा दिए गए आवेदन में आरोप लगाया गया है कि विद्युत विभाग के अधिकारियों डीई मेहरा, एई जोसेफ, जेई बारगेट, लाइनमैन गजेन्द्र सिंह, ठेकेदार सुनील धाकड़ और एसई मधुसूदन शाक्य के निर्देशन में ग्राम पंचायत सैमरा पहाड़ के सरपंच धर्मेंद्र यादव तथा परमाल ओझा की उपस्थिति में इन पेड़ों को जबरन काटा गया। मोहर सिंह ने यह भी उल्लेख किया कि मध्यप्रदेश वृक्ष कटाई प्रतिषेध विनियम 2007 के अनुसार निजी भूमि पर लगे वृक्षों की कटाई ग्राम पंचायत स्तरीय समिति की अनुशंसा और तहसीलदार की अनुमति के बिना नहीं की जा सकती। लेकिन इस प्रक्रिया को पूरी तरह अनदेखा करते हुए अवैध रूप से पेड़ काटे गए, जो कानूनन दंडनीय अपराध है।

भावनात्मक और पर्यावरणीय क्षति भी गंभीर

किसान ने कहा कि यह केवल आर्थिक नुकसान नहीं बल्कि उनके पारिवारिक इतिहास और पूर्वजों की स्मृति से जुड़े पेड़ों को नष्ट करने जैसा है। उन्होंने सवाल उठाया जब सरकार पौधारोपण और संरक्षण को बढ़ावा दे रही है, तब सरकारी तंत्र ही पेड़ों का विनाश क्यों कर रहा है

### प्रशासन के जवाब का इंतजार

मोहर सिंह अहिरवार ने मांग की है कि इस घटना की निष्पक्ष जांच कराई जाए, दोषियों पर एफआईआर दर्ज की जाए तथा उन्हें उचित दंड दिया जाए। साथ ही उन्होंने हुए नुकसान की भरपाई के लिए तत्काल आर्थिक सहायता और मुआवजा दिलाने की मांग की है।ग्रामीणों का कहना है कि यदि ऐसी कार्रवाई जारी रही तो आमजन में सरकारी योजनाओं और पर्यावरण संरक्षण के संदेशों की विश्वसनीयता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। पर्यावरण प्रेमियों ने भी इस घटना को गंभीर बताते हुए कहा है कि फलदार पेड़ केवल आय का स्त्रोत नहीं बल्कि जैव विविधता और स्थानीय पारिस्थितिकी का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

---

नव दीक्षित साधुओं की आहार चर्या देखने भक्तों की उमड़ी भीड़

# 'तुम्हें दुखी देखा नहीं कि मैं दुःखी हो जाता हूं कि मेरा भक्त परेशान न हो'

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

दिगम्बर जैन दर्शन के आध्यात्मिक संत निर्यापकाचार्य श्री सुधा सागर महाराज ने थूवोनजी में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि तुम्हें दुःखी देखा नहीं कि मैं दुःखी हो जाता हूं कि मेरा भक्त परेशान न हा। मेरा भक्त होकर ग़रीब है भगवान इसकी कैसे भी गरीबी दूर करो कुछ तो पुण्य का उदय रहता है कि छोटा सा बालक है अभी तो गोदी में ही है और उसे महाराज के दर्शन करने तुम लेकर आ गये तो मैं बहुत खुश होता हूं।

उन्होंने कहा कि सोचता हूं कि यह जन्म जन्म का धर्मात्मा है अभी पैदा ही हुआ है और परिवार वाले तीर्थ क्षेत्र के दर्शन कराने ले आये। गुरु महाराज के चरणों में लाकर समर्पित कर दिया ऐसा सहयोग भी बहुत पुण्य के योग से मिलता है। धर्म कराने के तरीके हैं जिस जिस के दान के पीछे पड़ूं तो समझ लेना कि उसका पैसा पुण्य के उदय से आया है। ड़ाकू और साधु की एक ही जाति है ड़ाकू को पता चले कि सेठ पर माल है ऐसे ही साधु को पता चले तो वह उसे दान के लिए प्रेरित करने लगता है। साधु सोचते हैं कि मेरा भक्त इतना पुण्य आत्मा है सब कुछ करके भी दो पैसे बचे है तो आगे भी उसका भला होता रहें। इसलिए उसको दान की प्रेरणा दे देता हूं।





### बचे हुए पैसे को धर्म कार्य में लगा कर यशश कीर्ति अर्जित करें

उन्होंने कहा कि बचें हुए पैसे को धर्म कार्य में लगा कर यश कीर्ति अर्जित करें। यह जो पैसा बचा है जो किसी न किसी धर्म के वृक्ष पर लगा हुआ फल है। बचे हुए पैसे से पाप मत करना वो तुम्हारे महान पुण्य का फल है। जाओ यह तुम्हारे जन्म जन्म के पुण्य का फल है। मेरे भक्त के पास पैसा बढ़ता है मेरे भक्त का व्यापार बढ़ता है तो मेरा सीना छप्पन इंच का हो जाता है। यह जन्म जन्म का पुण्यात्मा है तो आज सम्पन्नता की जिंदगी जी रहे अब आपको आगे इसे आगे बनाये रखने के लिए सतत पुरुषार्थ करते रहना चाहिए।

### प्रतिदिन होगा श्री भक्तावर महा मंडल विधान व विश्व शांति महायज्ञ

इस दौरान क्षेत्र कमेटी के प्रचार मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि परम पूज्य निर्यापकाचार्य मुनि पुंगव श्री सुधासागरजी महाराज ने दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी आने वाले भक्तों के लिए असीम क़ालीन भक्तावर के रूप में एक ऐसा रक्षा कवच प्रदान किया है। जो आपकी रक्षा घर के बाहर रहने पर करेगा। गुरु ने कहा था कि जव आप घर से बाहर रहते हैं तो यह जो विधान कर रहे हैं यही आपके लिए सुरक्षा चक्र का कार्य करेगा। ऐसे असीम क़ालीन भक्तावर महामंडल विधान का महा मंगल कलश अजय कुमार विजय कुमार कटारिया जयपुर एवं विधान कलश श्राविका शिरोमणि सुशीला पाटनी आर के मार्वल किशनगढ़ ने स्थापित किया।

### प्रमुख पात्र बनकर भक्तों ने की जगत कल्याण की कामना के लिए शांति धारा

इस दौरान जगत कल्याण की कामना के लिए शान्ति धारा के पात्रों का चयन प्रतिष्ठा चार्य प्रदीप भैया ने करते हुए कहा कि दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी के खड़े बाबा का महाभिषेक करने वाले पात्रों को एक साथ चार लाभ मिल रहे हैं ऐसे परिवार का नाम गुरु मुख से होगा परिवार जनों के नाम शान्ति धारा में आ रहे हैं उन्हें गंधोदक से परिपूर्णित रजत कलश एवं खड़े बाबा का विशाल चित्र सम्मान स्वरूप कमेटी द्वारा भेंट किया जा रहा है। महा शान्ति करने का सौभाग्य संदीप गोधा मकराना संजय जैन नेयेडा शीला विनोद कुमार मुज्जफर नगर ज्ञानेन्द्र गदिया सूरज सहित अन्य भक्तों को मिला इनका सम्मान थूवोनजी अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र रोकड़यि संजीव श्रागर धर्मेन्द्र रोकड़यि संजीव जैन महामंत्री मनोज भैसरवास कोषाध्यक्ष प्रमोद मंगल दीप मंत्री शैलेन्द्र दददा राजेन्द्र हलवाई प्रदीप रानी जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई उपाध्यक्ष अजित बरोदिया प्रदीप तारई राजेन्द्र अमन मंत्री शैलेन्द्र श्रागर मंत्री विजय धुर्रा मिडिया प्रभारी अरविंद कचनार सहित अन्य प्रमुख जनो ने अभिनंदन किया गया।

वेयरहाउस कर्मचारियों से बताया - सालों ने नहीं मिला वेयरहाउस जाने का कन्वेंस

# कर्मचारियों के फर्जी हस्ताक्षर से निकाली गई पेट्रोल व्यय की राशि

## विडम्बना: प्रबंधक द्वारा सालों से हर महीने निकाले जा रहा सरकारी पैसा




मुकेश कुमार शर्मा ▶▶ ब्यावरा

एमपीडब्ल्यूएल कार्पोरेशन के ब्यावरा सर्किल में आने वाले 70 से अधिक वेयरहाउस में रखी फसलों की देखरेख व निरीक्षण के लिए विभाग द्वारा ब्यावरा वेयरहाउस प्रबंधक को कर्मचारियों के कन्वेंस के लिए पेट्रोल का पैसा दिया जाता है जिससे फसलों की देखरेख करने दूसरे वेयरहाउस तक पहुंचा जा सकें। परंतु जिम्मेदारों अधिकारियों ने मिलीभगत के चलते सालों से इस राशि की भी बंदरबांट हो रही है। इस बारे में जब 6-7 कर्मचारियों से बात की गई तो अधिकतर कर्मचारियों ने राशि न मिलने की बात कही। तो फिर वेयरहाउस प्रबंधक किनको यह राशि वितरित करते रहे यह जांच का विषय है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में हरिभूमि ने अवैध रूप से आउटसोर्स में कर्मचारियों को सालों से वेतन मिलने का मामला भी प्रमुखता से उठाया था। जिसमें कुछ लोगों ने अपने ही परिवार के लोगों के नाम लिखकर उन्हें बिना काम किए वेतन दे रहे थे जो कलेक्टर डॉ मिश्रा की जांच में भी प्रमाणित हो चुका है। अब जिम्मेदारों से कब सरकारी पैसे की रिकवरी की जाएगी ?

### वाहन व्यय दिए जाने वाले कर्मचारियों के हस्ताक्षर का होना चाहिए सत्यापन

70 से अधिक वेयरहाउस में फसलों की देखरेख करने के लिए सरकारी जो पैसा प्रबंधक को भेज रही है उसे हर साल निकाला जाता रहा है और ब्हाउचर बनाकर कर्मचारियों को देना बताया गया है परंतु सच्चाई बिल्कुल ही उलट है। कई कर्मचारियों ने मुखर होकर वाहन व्यय के नाम पर मिलने वाला पेट्रोल का पैसा मिलने से साफ इनकार किया और उन्होंने बताया कि उनसे हस्ताक्षर भी कभी नहीं लिए गए तो फिर किसके द्वारा हस्ताक्षर कर यह पैसा ठिकने लगाया जाता रहा है। यदि कर्मचारियों के हस्ताक्षर का सत्यापन किया जाए तो मामले की सच्चाई सामने आ सकती है और सरकार के लाखों रुपए के घोटाले का पर्दाफाश हो सकता है।

### 25-30 हजार हर महीने आता है ऐट्रोल खर्चा

हर महीने कर्मचारियों की संख्या व काम के हिसाब से पेट्रोल का खर्चा आता रहा है। सूत्रों की माने तो ब्यावरा वेयरहाउस में हर महीने 25 हजार से 30 हजार के बीच पेट्रोल व्यय कार्यालय को प्राप्त होता है जिसे संबंधित वेयरहाउस प्रबंधक ही निकाल सकता है।

**इनका कहना है...**

*संबंधित कर्मचारियों को कन्वेंस दिया जाता है फिर भी आपने बताया है तो एक बार पुनः चेक करवा लेती हूं।*

*दीप्ती सिंह, प्रबंधक ब्यावरा वेयरहाउस*

कार्य पूर्ण करने में 9 दिन शेष, जिले में 72 फीसदी कार्य निपटा

# एसआईआर: खेतों, बीहड़ों में वोटर्स को ढूंढकर फार्म भर रहे बीएलओ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य गत 4 नवंबर से आरंभ हुआ था। निवार्चन से जुड़े अति-महत्वपूर्ण इस कार्य के शुरूआती दिनों में जिले की प्रगति भलेही काफी कमतर थी लेकिन अब अधिकारियों की सतत मॉनिटरिंग, बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) सहित कार्य से जुड़े समस्त लोकसेवकों के प्रयासों से एसआईआर कार्य 72 फीसदी के लगभग पूर्ण हो चुका है।

जिले की पांचों विधानसभाओं के प्रत्येक मतदान केंद्र हेतु नियुक्त बीएलओ लोगों के घरो, खेतों, बीहड़ों इत्यादि स्थानों पर पहुंचकर इस काम को तन्मयता से करने में लगे हुए हैं। उक्त कार्यपूर्णता की अंतिम तिथि 4 दिसंबर निर्धारित है। अगर इसी गति से समस्त अमला जुटा रहा तो राजगढ़ जिला प्रदेश के चुनिंदा जिलों की फेहरिश्त में खड़ा हो सकता है। फिलहाल हम प्रदेश के अंडर 15 जिलों में चल रहे हैं।

### महिलाओं के फार्म भरने में आ रही ज्यादा दिक्कतें

शहरी समेत ग्रामीण क्षेत्रों में सबसे ज्यादा दिक्कतें या विलंब उन महिलाओं के फार्म भरने में हो रहा है जिनका विवाह 2003 के पूर्व हुआ है। इन महिलाओं को अपने मायके से पिता या माता की डिटेल मंगवाकर फार्म्स फिलअप करवाए जा रहे हैं। इसके उपरान्त ही बीएलओ निर्धारित एप पर उन फार्म्स का डिजिटाईजेशन कर रहे हैं।

### देर रात तक कर रहे काम

एसआईआर से संबंधित इस काम में न केवल बीएलओ बल्कि निकायों एवं आंगनवाड़ियों का अमला, ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक सहित अन्य कर्मचारी भी जुटे हुए हैं। अधिकारियों द्वारा भी प्रतिदिन सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक एसआईआर प्रगति की मॉनिटरिंग एवं समीक्षा की जा रही है।

# ओल्ड एबी रोड पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ नपा ने की कार्रवाई




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

पुराने एबी रोड पर अतिक्रमण का मुद्दा लंबे समय से शहरवासियों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। सड़क के किनारे अस्थाई कपड़ों सहित अन्य दुकानों के लग जाने से आए दिन जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई अस्थाई दुकानदारों ने हजारों रुपए देकर सड़क पर अपनी दुकानें जमा ली हैं। सबसे गंभीर बात यह है कि ये अस्थाई दुकानदार जिस जमीन पर बैठे हैं, वह सरकारी है और उसका किराया नगर पालिका को मिलना चाहिए। लेकिन इसकी जगह कुछ स्थाई दुकानदार ही अनाधिकृत रूप से यह किराया वसूल रहे हैं। इस अव्यवस्था को ध्यान में रखते हुए सोमवार को नगर पालिका सीएमओ ज्योति सुनेरे ने नपा कर्मियों के साथ अतिक्रमण हटाने की मुहिम चलाई। टीम ने हाईवे के समीप किए गए अतिक्रमणों की पहचान की और संबंधित दुकानदारों को तुरंत हटने के निर्देश दिए। कार्रवाई के दौरान एसडीओपी अरविंद्र सिंह सहित पुलिस बल तथा नगर पालिका का पूरा अमला मौजूद रहा। नगर पालिका प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक जगहों पर अवैध कब्जा किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी ऐसे अभियान नियमित रूप से चलाए जाएंगे।

कर्मचारियों व आमजनों हेतु हेलमेट की अनिवार्यता संबंधी आदेश भी जारी

# हेलमेट जरूर पहनें क्योंकि घर पर कोई आपका इंतेजार कर रहा है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



जिले में बढ़ते सड़क हादसों को नियंत्रित करने पुलिस एवं प्रशासन द्वारा तमाम तरह के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस विभाग ने जहां अपने समस्त अमले के लिए पूर्व से ही हेलमेट पहनकर ही बाईक चलाना अनिवार्य कर दिया है। वहीं अब प्रशासन ने भी दो पहिया वाहन चलाने वाले एवं पीछे बैठे व्यक्तियों के लिए हेलमेट की अनिवार्यता संबंधी आदेश जारी किया है।

जारी आदेश के तहत समस्त शासकीय सेवकों को निर्देशित किया गया है कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग किया जाना सुनिश्चित करें। बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चलाते पाये जाने पर पुलिस द्वारा चालानी कार्यवाही की जाएगी। उक्त आदेश का कढ़ाई से पालन करना सुनिश्चित करने के निर्देश कर्मचारियों को दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि कलेक्टोरेट परिसर स्थित विभिन्न विभागों के कई कर्मचारी रोजाना बाईक से दफ्तर पहुंचते हैं परन्तु उनके द्वारा हेलमेट नहीं पहना जाता है। ऐसे ही कर्मचारियों व उनके परिवार के हित में यह आदेश जारी किया गया है।

### जो बगैर हेलमेट नजर आ रहे उनकी लग रही क्लास

बगैर हेलमेट के बाईक चलाने वाले पुलिस विभाग के कर्मचारियों पर उच्चाधिकारियों के निर्देशों पर विशेष नजर रखी जा रही है। कुछ कर्मचारियों को ऐसे स्थानों पर तैनात किया गया है जहां से वे बगैर हेलमेट बाईक चला रहे पुलिसकर्मियों पर सतत नजर बनाकर रख रहे हैं। पुलिस अधीक्षक डॉ. अमित तोलानी द्वारा ऐसे कर्मचारियों की क्लास भी ली जा रही है।

# 181 से पहले किसान कृषि मंडी की हेल्प डेस्क की लें मदद




**खुजनेर।** कृषि उपज मंडी समिति खुजनेर में विक्रय करने वाले पंजीकृत भावान्तर भुगतान योजना 2025 किसान भाईयों से नम्र निवेदन है कि भावान्तर भुगतान योजना के अन्तर्गत किसी भी प्रकार की समस्याएं खाता संशोधन भावान्तर भुगतान योजना की राशि एवं अन्य संशोधन हेतु या समाधान हेतु सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत करने से पूर्व आप कृषि उपज मण्डी समिति खुजनेर में स्थापित हेल्प डेस्क पर उपस्थित होकर समाधान करा सकते हैं। इस तरह की सूचना प्रकाशित कर सचिव ने किसानों की मदद के लिए एक कदम उठाया है जिससे किसानों को भविष्य में कितना लाभ होगा यह देखने केलिए इंतजार करना होगा।

# नि:शुल्क नेत्र शिविर का हुआ आयोजन 110 लोगों की हुई जांच, 39 चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



श्री श्याम परिवार एवं चिरायु मेडिकल कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को बालाजी मैरिज गार्डन में नेत्र शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। शिविर में सुबह से ही लोगों की भीड़ उमड़ती रही।

विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा कुल 110 लोगों की आंखों की जांच की गई, जिनमें से 39 मरीजों का ऑपरेशन एवं लैंस प्रत्यारोपण हेतु चयन किया गया। चयनित सभी मरीजों को आगे चिरायु मेडिकल कॉलेज में निःशुल्क उपचार एवं ऑपरेशन की सुविधा प्रदान की जाएगी। नेत्र शिविर का शुभारंभ श्री श्याम परिवार के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष तथा प्रतिनिधि नगर पालिका सारंगपुर निलेश वर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उन्होंने शिविर के माध्यम से समाजसेवा के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने पर जोर दिया और बताया कि ऐसे आयोजन से आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को बड़ी राहत मिलती है। इस दौरान प्रकाश सोनी, महेश पाटीदार, जुगराज विश्वकर्मा, मनीष चैरसिया, कमल चौरसिया, सुरेश जाटव, धर्मेंद्र मालवीय, जितेंद्र मालवीय, हरीश पुष्पद, जितेंद्र पुष्पद, अंशुल पुष्पद, विजय अटनेरिया, संजू कुशवाहा, गुंजन सोनी, गोवर्धन दांगी, मनीष सोनी सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। आयोजकों ने बताया कि आगे भी समाजहित में इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर नियमित रूप से लगाए जाएंगे, ताकि जरूरतमंदों को समय पर उपचार मिल सके।

# भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष पहुंचे ब्यावरा, हुआ स्वागत



**ब्यावरा।** भाजपा मध्यप्रदेश के नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष व युवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. निशांत खरे संगठन कार्य के लिए ग्वालियर संभाग के प्रवास के दौरान ब्यावरा मंडल में उनका कुछ समय के लिए प्रवास हुआ। भाजपा मंडल अध्यक्ष राजू यादव ने भोपाल बाईपास पर पहनाकर अभिनंदन किया। इस दौरान निशांत खरे का आगमन जिओ रिलायंस पेट्रोल पंप हुआ उनका स्वागत पुष्प वर्षा कर किया गया। भाजपा नेता गोपाल बादशाह, मंडल अध्यक्ष राजू यादव एवं साथियों ने माला पहनकर स्वागत किया। इस दौरान भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष निशांत खरें ने सभी कार्यकर्ताओं से चर्चा की बारी-बारी से परिचय प्राप्त किया और अपना भी परिचय सभी कार्यकर्ता को उन्होंने दिया कोरोना कल के दौरान डॉ निशांत खरे की बहुत सरहानीय भूमिका रही, डॉक्टर निशांत खरे पूर्व युवा आयोग के अध्यक्ष भी रहे हैं वर्तमान में ग्वालियर संभाग का प्रभार संगठन ने उन्हें सोप है मध्य प्रदेश की तमाम ट्राईबल सीटओं के वो प्रभारी हैं संगठन के सिपाही होने के नाते उन्होंने सभी दायित्वों का बखूबी में निर्वाह किया है।

# लाडनपुर के सरपंच ने मतदाता सूचियां फाड़ी, सचिव से की अभ्रदता

## सचिव संघ ने प्रशासन और पुलिस को दिए आवेदन



**राजगढ़।** ब्लॉक की ग्राम पंचायत लाडनपुर के सरपंच द्वारा मतदाता सूचियों संबंधी कार्य कर रहे सचिव विनय सिंह पाल से गाली गलौच करते हुए मतदाता सूचियां फाड़ने का मामला सामने आया है। इसके पहले सरपंच ने सचिव पाल सहित जिले के आलाधिकारियों एवं शासन को भी गालियां दीं जिसकी कॉल रिकॉर्डिंग सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रही है। घटना के बाद सोमवार शाम पंचायत सचिव एवं सहायक सचिव संगठन ने 3 दिवस में लाडनपुर के सरपंच को तीन दिवस में पद से पृथक करने संबंधित आवेदन उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रताप सिंह चौहान को सौंपा। संगठन ने पुलिस अधीक्षक के नाम भी आवेदन देते हुए नियमानुसार कार्यवाही की मांग की है। संगठन पदाधिकारियों ने बताया की यदि सरपंच को आगामी तीन दिवस में पद से नहीं हटाया तो राजगढ़ ब्लॉक के सभी सचिव एवं रोजगार सहायक कलमबंद हड़ताल पर चले जाएंगे।

वायरल ऑडियो में सरपंच सचिव को पंचायत बदलने की धमकी देते हुए शासन और जिले के अधिकारियों को जमकर अपशब्द कह रहे हैं।

# एसआईआर में अच्छा काम करने वाले बीएलओ व सहयोगी को किया सम्मानित



**जीरापुर।** एसआईआर का उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को अनुविभागीय अधिकारी अंकिता जैन द्वारा फूल माला प्रशस्ति पत्र पहनाकर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि विधानसभा 163 खिलचीपुर अंतर्गत मतदाता गहन पुनरीक्षण का कार्य चल रहा है जिसमें बीएलओ, पटवारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सचिव, रोजगार सहायक द्वारा घर घर जाकर गणना पत्रक फॉर्म कलेक्ट करने का कार्य किया जा रहा है। एसआईआर में सबसे ज्यादा ईएफ डिजिटाइजेशन बीएलओ एप्प के माध्यम से नियत समयावधि दिनांक 4/12/2025 से पहले 22/11/2025 को 95 प्रतिशत सबसे अधिक कार्य किए जाने पर सम्मानित किया गया। अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अंकिता जैन ने बताया कि ऐसे उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को सम्मानित किया जाना चाहिए ताकि सभी अधिकारी कर्मचारी अपने कर्तव्य के प्रति जिम्मेदारी का निर्वहन समयावधि में करें। इस दौरान मतदान केंद्र क्रमांक 10 गोघटपुर बीएलओ मोहनलाल मतदान केंद्र 22 आदमपुरा कमलसिंह सरावत , मतदान केंद्र 41 पुरसिंह दांगी मतदान केंद्र 97 हरीगढ चन्दनदास वैरागी, मतदान केंद्र 147 देवकरण शर्मा , मतदान केंद्र 177 केशरपुरा बने सिंह वर्मा मतदान केंद्र 182 सादलपुर सुरेश कुमार दांगी ,मतदान केंद्र 223 डिगल्याखेडी भगवान सिंह एवं उनके सहयोगियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

21 नवंबर से 04 दिसंबर तक चलेगा विशेष अभियान

# पुरुष नसबंदी: परिवार नियोजन में पुरुषों की भागीदारी पर दिया जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत पुरुषों की नसबंदी करवाने जिले में 21 नवंबर से 4 दिसंबर तक पुरुष नसबंदी पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल ने पुरुषों को परिवार नियोजन हेतु आगे आने का आह्वान किया है। जिला चिकित्सालय में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि पुरुष नसबंदी पूरी तरह से सुरक्षित है, और यह महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए बेहतर विकल्प है। डॉ. पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि परिवार की अधिकांश जिम्मेदारियां महिलाओं द्वारा निभाई जाती हैं लेकिन जब परिवार को पूर्ण करने की बात आती तब भी नसबंदी ऑपरेशन के लिए महिलाओं को आगे कर दिया जाता है। उन्होंने बताया कि महिला नसबंदी ऑपरेशन में कई बार जटिलताएं आ सकती हैं, इसके विपरीत पुरुष नसबंदी ऑपरेशन जिसे (नो स्कैल्पेल वैसेक्टॉमी भी कहा जाता है) पूरी तरह से सुरक्षित, सरल और प्रभावी है। इससे पुरुषों को कोई परेशानी नहीं होती है।

### अधीनस्थ अमले को किया गया निर्देशित

सीएमएचओ ने समस्त मैदानी कर्मचारियों को निर्देशित किया कि लक्षित दंपत्ति के पुरुषों से अपील करें कि वे महिलाओं के सम्मान में और परिवार के बेहतर स्वास्थ्य के लिए आगे आएं और परिवार की पूर्णता में अपनी जिम्मेदारी निभाएं। इस पखवाड़े के दौरान पुरुषों को परिवार नियोजन के इस स्थायी और सुरक्षित तरीके के बारे में जागरुक करने के लिए जिले भर में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर सिविल सर्जन रजनीश शर्मा, डॉ आर के कठेरिया, आरएमओ अमित कोहली, डॉ. देवाशीष मर्सकोले सहित अस्पताल स्टॉफ मौजूद था।

# अभाविप की कॉलेज इकाई के अध्यक्ष विशाल दांगी व सुहानी बनीं मंत्री



**ब्यावरा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ब्यावरा द्वारा नेताजी सुभाषचन्द्र बोस महाविद्यालय में रानी लक्ष्मीबाई जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे नगर के कई विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के बाद कॉलेज इकाई की घोषणा की गई। जिसमें अध्यक्ष विशाल दांगी तथा मंत्री सुहानी प्रजापति बनीं, उपाध्यक्ष,कल्पना सेन, हरिओम सोंधिया, राज बना, सहमंत्री भावना यादव, ईश्वर सोंधिया, संयोजक देवराज सह दीपक, आयुष सह अभिषेक ,कलमंच प्रमुख अमन,शिवम, खेलो भारत गतिविधि प्रमुख अंश सह गोविंद,सोशल मीडिया रोहित, अमन तथा ऋषभ एवं आकाश कार्यकारिणी सदस्य रहे, कार्यक्रम में श्रसौरभ प्रजापति ने अपने संबोधन में कहा रानी लक्ष्मीबाई जैसी वीरांगना इस देश की बेटियों के लिए युगों युगों तक प्रेरणा स्त्रोत रहेगी।कार्यक्रम में जिला महाविद्यालय संयोजक जीत शिवहरे,जिला भविष्य त्रिवेदी,भाग संयोजक हार्दिक, नगर मंत्री राकेश सोंधिया, सहमंत्री सपना, धीर,भूपेंद्र विद्यालय संयोजक सुमित, अनिल, कान्हा,भूमिका आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।